आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को आतंकवाद के माध्यम से छद्म युद्ध का सहारा लेने वाला देश बताया। कहा– भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के अन्तर्गत आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया करारा जवाब।
- प्रधानमंत्री ने प्रदेश के उन्नीस रेलवे स्टेशनों सहित देश के एक सौ तीन अमृत भारत स्टेशनों का किया उद्घाटन। कहा–अमृत भारत स्टेशन से राज्यों में होगा पर्यटन विकास, सृजित होंगे युवाओं के लिये रोजगार के नये अवसर।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल से सम्बन्धित निर्माण कार्यों को समय से पूरा करने के दिये निर्देश। कहा– प्रत्येक मण्डल में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के आधार पर विकसित किया जाय स्पोर्ट्स कॉलेज।
- केन्द्र सरकार ने की दिव्यांगजनों के लिये आवास आवंटन में चार प्रतिशत आरक्षण की घोषणा।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पाकिस्तान आतंकवाद के माध्यम से छद्म युद्ध का सहारा लेता है, क्योंकि वह भारत से सीधे युद्ध नहीं जीत सकता। राजस्थान के बीकानेर में कल एक जनसभा में उन्होंने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर उसे करारा जवाब दिया है।

***22 तारीख के हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बडे ठिकाने तबाह कर दिये। दुनिया ने और देश के दुश्मनों ने भी देख लिया जब सिन्दूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है। अब भारत ने दो टूक साफ कर दिया है। हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पडेगी। और ये कीमत पाकिस्तान की सेना चुकायेगी, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकायेगी।***

इससे पहले प्रधानमंत्री ने अठारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के छियासी जिलों में फैले एक सौ तीन पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन से राज्यों में पर्यटन विकास होगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रदेश के उन्नीस स्टेशनों– बिजनौर, सहारनपुर, करछना, गोविंदपुरी, पुखराया, आगरा ईदगाह जंक्शन, फतेहाबाद, गोवर्धन, मैलानी, स्वामी नारायण छपिया, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, गोलागोकर्ण नाथ, रामघाट हाल्ट, थावे, इज्जतनगर, बरेली सिटी, उझानी और हाथरस सिटी का भी पुनर्विकास किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी अमृत भारत स्टेशनों के उद्घाटन समारोह से वर्चुअली जुड़े। अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन नये भारत के संकल्प को साकार करने वाले हैं। केंद्र सरकार में राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल आगरा के ईदगाह रेलवे स्टेशन, अनुप्रिया पटेल प्रयागराज के करछना रेलवे स्टेशन और जयंत चौधरी हाथरस सिटी स्टेशन पर आयोजित लोकार्पण समारोह में शामिल हुए।

**********

भारत ने फिर कहा है कि पाकिस्तान के साथ उसकी कोई भी बातचीत द्विपक्षीय होनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कल नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

***वार्ता और आतंकवाद दोनों साथ में नहीं चल सकता है। जहां तक आतंकवाद का सवाल है, हम यह बात करने के लिए हैं लेकिन जो बातचीत होगी, इसपे होगी कि भारत ने जो एक लिस्ट दिया था पाकिस्तान को कुछ एक साल पहले। उस लिस्ट में कई एक टेररिस्ट थे, उनको कब वो भारत के हवाले कर रहे हैं। इस बात पर बात होगी।***

**********

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसी कड़ी में हम परमवीर चक्र विजेता सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

***1950 में पुणे, महाराष्ट्र में जन्मे सेकेण्ड लेफ्टिनेंट अरूण खेत्रपाल को जून 1971 में पूना होर्स रेजीमेंट में नियुक्त किया गया। 16 दिसंबर 1971 को दुश्मन ने धूएं के परदे की आड में सकरगट सेक्टर में खेत्रपाल को निशाना बनाकर जवाबी हमला किया। उन्होंने आह्वान का जवाब दिया और दुश्मन के हमले का सामना करने के लिए आगे बढे। सैनिकों पर दुश्मन ने भारी गोलीबारी की। सेकेण्ड लेफ्टिनेंट अरूण खेत्रपाल ने दुश्मन के उन ठिकानों पर जमकर हमला किया । दुश्मन के दूसरे हमले के दौरान इसके बाद भी भीषण टैंक युद्ध हुआ। दस दुश्मन टैंक नष्ट हो गए और उनमें से चार को सेकेंड लेफ्टिनेंट अरूण खेत्रपाल ने अकेले ही नष्ट कर दिया। उनके टैंक पर दुश्मन ने भारी गोलीबारी की और उसमें आग लग गई, लेकिन उन्होंने दुश्मन के टैंकों को नष्ट करना जारी रखा। उनके टैंक पर फिर से हमला हुआ और उन्होंने दुश्मन के उस इच्छित सफलता को वंचित करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। दुश्मन के सामने सबसे विशिष्ट वीरता के लिए सेकेण्ड लेफ्टिनेंट अरूण खेत्रपाल को 1972 में मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह खेल से सम्बन्धित निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर पूरा करें। उन्होंने कहा है कि सभी कार्यों की अलग–अलग स्तर पर मंत्री और अधिकारियों द्वारा समय–समय पर समीक्षा की जाए जिससे कि वह कार्य समय से पूरा हो सके। मुख्यमंत्री कल लखनऊ में खेल, युवा कल्याण और प्रान्तीय रक्षक दल विभाग की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक मण्डल में एक स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जाय और उसे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के आधार पर विकसित किया जाय। साथ ही, उन कॉलेजों को स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय से जोड़ा जाय, जिससे खिलाड़ियों को अन्तर्राष्ट्रीय सुविधा प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने बैठक में पीआरडी जवानों और मंगल दलों को आपदा प्रबंधन और ट्रैफिक नियमों का प्रशिक्षण देने का निर्देश भी दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता पर बल दिया है। वह कल लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर 'प्रकृति तथा सतत विकास के साथ सामंजस्य' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

***इसमें सरकार भी लगे। पर्यावरण विद् भी इसके साथ जुड़े। समाज के प्रबुद्धजन भी इसके साथ जुड़े। आम जनमानस को भी अगर हम इसके साथ जोड़कर के इस अभियान का हिस्सा बना सकते हैं तो इसके सार्थक परिणाम हम सबके सामने आएंगे।***

**********

सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए केंद्र सरकार के आवास आवंटन में चार प्रतिशत के आरक्षण की घोषणा की है। आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल कहा कि यह पहल प्रत्येक नागरिक के सशक्तीकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और एक समावेशी और सुलभ भारत की नींव को भी मजबूत बनाती है।

**********

प्रदेश सरकार ने जिलों में संचालित हो रही पचास करोड़ से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन कराने के लिये नोडल अधिकारी तैनात किये हैं। यह अधिकारी कल और पचीस मई को सम्बन्धित जिलों का दौरा कर विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे और छब्बीस मई को प्रदेश के मुख्य सचिव को अपनी रिपोर्ट सौपेंगे। आईएएस ऋतु महेश्वरी लखनऊ, विजय किरण आनंद वाराणसी, अंकित कुमार अग्रवाल जौनपुर, प्रकाश बिन्दु गोरखपुर, शिशिर देवरिया, अरविंद कुमार चौरसिया कुशीनगर और मनोज कुमार द्वितीय महराजगंज के नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं।

**********

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आईपीएल–दो हजार पचीस के लीग मुकाबले के अन्तर्गत आज रायल चैलेंजर्स बैंगलुरू और सनराइजर्स हैदराबाद के टीमों के बीच मैच खेला जायेगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा। पहले इस मैच का आयोजन बैंगलुरू में होना था लेकिन वहां का मौसम खराब होने के कारण इसे लखनऊ के स्टेडियम में कराने का निर्णय लिया गया है।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज हवा चलने और गरज–चमक के साथ हल्की से लेकर मध्यम वर्षा होने से तापमान गिर गया है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। बादल अभी भी छाये हुए हैं और कुछ स्थानों पर रुक–रुक कर वर्षा का क्रम जारी है। कल वर्षा के दौरान बिजली गिरने से कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायमण्डलीय परिस्थितियां अभी भी बनी हुयी हैं, ऐसे में अगले तीन–चार दिन तक प्रदेश के अस्सी प्रतिशत जिलों में गरज–चमक के साथ वर्षा की आशंका बनी हुयी है।

**********